## महत्वपूर्ण एवं खास

### पुरानी रंजिश के चलते युवक से मारपीट

**रायपुर (आरएनएस)।** अछोली में पुरानी रंजिश के एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमलेश निषाद ने थाने में शिकायत किया कि पुरानी रंजिश के चलते आरोपी तुलेन्द्र साहू ने प्रार्थी से गाली-गलौज कर धारदार हथियार से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### बाइक की ठोकर से युवक की मौत

**रायपुर (आरएनएस)।** ग्राम गिरौद में अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए पैदल जा रहे युवक को ठोकर मार दिया। जिससे घायल युवक की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी प्रेम यादव 21 वर्ष ने थाने में शिकायत किया कि उसका चाचा राजेश यादव 34 वर्ष पैदल टहलने निकला था। तभी अज्ञात बाइक चालक ने उसके चाचा राजेश को ठोकर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल राजेश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में धरसींवा पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### चाकू लहराते दो गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** चाकू लेकर आम लोगों को डराते धमकाते पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चाकू जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने विजेता कॉम्पलेक्स के पास दबिश देकर चाकू लेकर लोगों को डराते आारोपी गोपी सागर 24 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से चाकू जब्त किया है। इसी तरह सेजबहार पुलिस ने ग्राम खिलोरा में चाकू लेकर लोगों को आतंकित करते हुए आरोपी किशन धीवर 33 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ धारा 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नशीली टेबलेट बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर (आरएनएस)।** भाठागांव नया बस स्टेण्ड के पास नशीली दवाओं का बिक्री करते एक युवक को टिकरापारा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 420 नग नाईट्रा जीईपीएम टेबलेट जब्त किया है। जिसकी कीमत 2499 रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बिक्री रकम 2930 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पकड़े गए आरोपी का नाम मोहम्मद सहजाद 30 वर्ष है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गर्भवती महिला ने एंबुलेंस के अभाव में नदी किनारे बच्चे को दिया जन्म

**बीजापुर (आरएनएस)।** जिले के गंगालूर के नदी उस पार ग्राम झारगोया की एक गर्भवती महिला को प्रसव पीड़ा होने पर अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस की व्यवस्था नही हो पाने पर कवांड में बैठाकर 02 युवक 01 किलोमीटर से अधिक पैदल लेकर झोरवाया नदी किनारे पहुंचे, लेकिन उसी दौरान महिला ने बच्चे को जन्म दे दिया। यहां आज भी लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए मरीज को कंधे के सहारे अस्पताल तक पहुंचाने के लिए जद्दोजहद करना पड़ता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम झारगोया से गर्भवती महिला सरिता को देशी कवाड़ का जुगाड़ बनाकर 02 युवकों की मदद से एक किलोमीटर से अधिक पैदल चलकर झोरवाया नदी तक लाया गया। गर्भवती प्रसव पीड़ा होने से महिला को अस्पताल बोट से ले जाने की तैयारी की जा रही थी, लेकिन नदी पार करने से पहले ही नदी किनारे महिला ने बच्चे को जन्म दिया, फिलहाल मां और बच्चा सुरक्षित हैं। दोनों को बोट से नदी पार करवाकर 03 किलोमीटर दूर स्वास्थ्य केंद्र रेड्डी लाया गया है।

### कांग्रेस करेगी 21 को ईडी दफ्तर का घेराव

**रायपुर (आरएनएस)।** कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को भेजे गए ईडी के सम्मन के विरोध में कांग्रेस ईडी ऑफिस का घेराव करेगी।21 जुलाई को ईडी दफ्तर घेराव के लिए पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम ने प्रदेश कांग्रेस के कोशाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल के संयोजकत्व में 5 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। कमेटी में राम गोपाल अग्रवाल संयोजक ,खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन ,प्रभारी महामंत्री प्रशासन रवीघोष ,प्रभारी महामंत्री संगठन अमरजीत चावला ,संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला सदस्य होंगे।

# छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में आगामी 24 घंटों में भारी बारिश की संभावना, मौसम विभाग ने की पूर्वानुमान



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में आगामी चौबीस घंटों के दौरान मध्य और दक्षिणी छत्तीसगढ़ में जहां हल्की से मध्यम वर्षा के आसार बने हुए हैं तो वहीं एक-दो स्थानो पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश हो सकती है। राज्य के शेष इलाकों में हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा छींटे पडऩे की संभावना है।

मौसम विभाग से जारी पूर्वानुमार के अनुसार एक निम्न दबाव का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे लगे तटीय पश्चिम बंगाल-तटीय ओडिशा के पास स्थित है। इसके साथ ही उपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर की उंचाई तक विस्तारित है। मानसूनी द्रोणिका गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ, भावनगर, इंदौर, जबलपुर, पेण्ड्रा रोड, झारसुगुड़ा, बंगाल की खाड़ी तक निम्नदबाव के केन्द्र से होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना बनी हुई है। इसके अलावा प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र मध्य और दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। इस समय पूरे देश में मानसून पूरी तरह से सक्रिय है। छत्तीसगढ़ के बीजापुर सहित सुकमा और कोंटा इलाके में जहां बारिश ने त्राहि मचा रखा है तो वहीं राज्य के कई जिलों में अभी भी अल्पवर्षा की स्थिति बनी हुई है। बस्तर संभाग के जिलों में जहां वर्षा की स्थिति अच्छी है तो वहीं जशपुर इलाके में अभी भी अच्छी बारिश का इंतजार किया जा रहा है। रायपुर में अब तक लगभग औसत बारिश हो चुकी है लेकिन जिले को अभी भी और बारिश की जरूरत है।

## किसानों को मिली राहत, रोपा और बियासी के लिए खुला रास्ता



*कोरबा (आरएनएस)। जिले में निश्चित समय पर मानसून ने दस्तक दी। मगर खंड वर्षा के कारण कई इलाकों में फसल के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं थी। जिसके कारण रोपा खेती के लिए किसान पिछड़ गए थे, मगर सावन मास की आमद होने के बाद हुई रिमझिम बारिश ने बिछड़ते रोपा के लिए रास्ता खोल दिया है। पिछले दो दिनों में कोरबा जिले में हुई 435.8 मिलीमीटर झमाझम बारिश के कारण किसानों को राहत मिली है। खासकर रोपा और बियासी के लिए रास्ता खुल गया है। 1 जून से अब तक जिले में 2138.5 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। बारिश का अगर इसी तरह साथ रहाए, तो 2 सप्ताह के भीतर पहले चरण की खेती पूरी हो जाएगी। .बीते साल जुलाई माह के दूसरे वीक में 3208.5 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। जो इस साल की अपेक्षा में अधिक है। आपको बता दें कि कोरबा जिले के अधिकांश किसान खेती के लिए बारिश के पानी पर आश्रित रहते हैं। ऐसे में अगर मानसून ने साथ नहीं दिया तो मुश्किलें बढ़ जाती है। वर्तमान में जिले के पांचों ब्लॉक के किसानों ने खुर्रा बोनी तो कर लिया है। मगर रोपाई के लिए खेतो में पर्याप्त पानी नहीं होने की वजह से पिछड़े हुए हैं। उम्मीद जताई जा रही है कि पिछले दो दिनों के भीतर हुई झमाझम बारिश के कारण अब किसान सक्रिय हो गए हैं कृषि विभाग के अफसरों का कहना है कि फिलहाल जिले में बारिश की स्थिति सामान्य है। बोनी और रोपा के लिए खेतों में पानी की मात्रा पर्याप्त है। जिले में बारिश के आंकड़ों पर गौर करें तो अब तक कोरबा ब्लॉक में 275.2, करतला में 380.2, कटघोरा में 487.3ए दर्री इलाके में 216.2, पाली क्षेत्र में 303.6, हरदीबाजार में 196.6 और पोड़ी उपरोड़ा इलाके में 279.4 मिलीमीटर वर्षा हो चुकी है। बहरहाल पिछले 2 दिनों के भीतर हुई झमाझम बारिश ने किसानों की मुश्किलों को आसान कर दिया है। जिले के किसान के लिए सक्रिय हो गए हैं।*

## गंगरेल बांध में 93 प्रतिशत जलभराव के चलते खोले गए 14 गेट



**रायपुर (आरएनएस)।** राज्य में लगातार हो रहे बारिश के चलते रविशंकर सागर जलाशय गंगरेल बांध में 93 प्रतिशत जलभराव हो चुका है। कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन संभाग रूद्री ए.के. पालडिय़ा ने बताया कि आज दोपहर तीन बजे बांध के 14 गेट खोलकर कुल 10 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। इसमें से 7800 क्यूसेक पानी रेडियल गेट के जरिए और 2200 क्यूसेक पानी 10 मेगावॉट बिजली निर्माण हेतु इलेक्ट्रिक बोर्ड के लिए छोड़ा गया है। उन्होंने बताया कि गंगरेल बांध के कैचमेंट एरिया से 37 हजार क्यूसेक पानी आ रहा है। धमतरी जिला प्रशासन द्वारा नदी के आसपास के 45 गांवों में पानी छोडऩे संबंधी मुनादी कर सतर्क किया गया है।

## तमनार पुलिस ने लगातार दूसरे दिन क्षेत्र में सक्रिय एक और शातिर चोर को गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**❒ आरोपी ने दो दुकानों और एक घर में की थी चोरी, आरोपी से नकदी व चोरी की मोटर सायकल बरामद**

**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले एवं एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर तमनार पुलिस द्वारा लगातार दूसरे दिन क्षेत्र के शातिर चोर राजू साव को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कल तमनार पुलिस द्वारा खड़ी वाहनों से बैटरी व डीजल चोरी के आरोपी को रिमांड पर भेजा गया था। आज गिरफ्तार किया गया आरोपी राजू साव अपने दो नाबालिग साथियों के साथ दिनांक 05.06.06.2022 के दरम्यानी रात बस स्टैंड रोड पर स्थित दिक्षित किराना दुकान में चोरी कर नगदी रकम 38,000 रू को चोरी किया था। जिसमें प्राप्त रुपए को तीनों आपस में बांट लिए थे। विवेचना दौरान तमनार पुलिस दोनों बाल अपचारियों को हिरासत में लेकर बाल न्यायालय पेश किया गया। मुख्य आरोपी राजू साव फरार था , जिसकी सघन पतासाजी की जा रही थी , जिसे कल दिनांक 16.06.2022 को तमनार के ग्राम बासनपाली रोड किनारे पान दुकान पर चोरी करते गांववाले देखकर सूचना दिये। पुलिस टीम आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया।



आरोपी राजू साव पिता चन्द्रभानू साव उम्र 22 साल सा. गिरगीरा थाना चन्द्रपुर जिला जांजगीर चांपा हाल मुकाम तमनार से पान दुकान से चोरी बिस्किट, नगदी रकम 450 रूपये एवं बजाज प्लेटिना मो.सा. क्र. सी.जी. 13 जी 5504 किमती 15,000 रूपये जप्त किया गया है। आरोपी राजू साव बजाज प्लेटिना बाइक को दिनांक 16.07.2022 की रात ग्राम झिंगोल में एक घर अंदर घुसकर चोरी कर उसी बाइक से जाते समय बासनपाली पान दुकान में चोरी करना बताया। आरोपी को बस स्टैंड तमनार पर दिक्षित किराना दुकान में चोरी, बासनपाली पान दुकान में चोरी तथा ग्राम झिंगोल में बाइक चोरी के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। आरोपी की गिरफ्तारी माल मशरूका की बरामदगी में थाना प्रभारी जी.पी. बंजारे, प्रधान आक्षक अनूप कुजूर, देव प्रसाद राठिया, आरक्षक कमलेश राठिया, किशोर कुल्लू, बसंत तिर्की की अहम भूमिका रही है।

## जेएसडब्ल्यू कम्पनी के कारखाना प्रबंधक, मैनेजर डीआरआई और सेफ्टी अफिसर पर एफआईआर दर्ज

**❒ कम्पनी के किलन कारखाना में जाम डस्ट की सफाई दौरान जुनियर इंजीनियर और ठेकाकर्मी की हुई थी मौत**

रायगढ़। थाना भूपदेवपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नहरपाली स्थित JSW कम्पनी में दिनांक 13/05/22 के सुबह किलन नम्बर 06 में जाम डस्ट की सफाई दौरान एक जुनियर इंजीनियर लक्ष्मी प्रसाद यादव पिता मुरीत राम यादव उम्र 54 वर्ष सा0 बोडसरा जिला जांजगीर-चाम्पा और ठेका श्रमिक लकेश्वर बंजारा पिता आनंद राम उम्र 35 वर्ष सा0 कुरूभांठा तेलीपारा थाना भूपदेवपुर जिला रायगढ़ के ऊपर गर्म डस्ट गिर गया था। दोनों को जिंदल अस्पताल, रायगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां से दूसरे ही दिन दोनों को नेशनल बर्न हास्पीटल एरोली मुंबई रिफर किया गया, जहां ईलाज दौरान ठीक न होकर दिनांक 20/05/22 को लक्ष्मी प्रसाद यादव और दिनांक 28/05/2022 को लकेश्वर बंजारा का निधन हो गया। दोनों मृतक की मर्ग डायरी पुलिस थाना नवी मुंबर्द, महाराष्ट्र से प्राप्त होने पर थाना भूपदेवपुर में मर्ग कायम किया गया। जांच पर घटना दिनांक को मृतकों के साथ कार्य कर रहे अन्य इंजीनियर, कर्मचारियों से पूछताछ कर कथन लिया गया जो बताये कि JSW कंपनी नहरपाली के किलन नंबर 06 में कारखाना प्रबंधक आर. के. पटेल, मैनेजर आपरेशन DRIपी. आर. दास एवं मैनेजर सेफ्टी आफिसर दीपक मिश्रा की देखरेख में किलन नंबर 06 में उनके निर्देश से लक्ष्मी यादव आपरेशन DRI में जुनियर इंजीनियर के साथ 3-4 लोग को किलन में जाम डस्ट को साफ सफाई करवाने के लिए भेजे थे। जहां कार्य करने दौरान घटना हुआ था, घटना दिनांक को JSW कंपनी नहरपाली के किलन नंबर 06 में कारखाना प्रबंधक आर. के. पटेल, मैनेजर आपरेशन DRIपी. आर. दास एवं मैनेजर सेफ्टी आफिसर दीपक मिश्रा की लापरवाही से घटना घटित हुआ है जिस पर तीनों पर नामजद धारा 287, 304A, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।




## घर घुसकर महिला से छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को लैलूंगा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा रिमांड पर

**रायगढ़।** लैलूंगा पुलिस द्वारा दिनांक 17.07.2022 को महिला के घर घुसकर छेड़खानी करने वाले दो आरोपियों को को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर घरघोड़ा न्यायालय पेश किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध कल थाना लैलूंगा में महिला द्वारा दिनांक 15.07.2022 की रात्रि घर घुसकर छेड़खानी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था। महिला बताई कि अपने पति , बच्चों के साथ रहती है। दिनांक 15/07/2022 के रात्रि परिवार से सभी खाना खाकर कमरे का दरवाजा बंद कर कमरे में सोए थे। रात्रि करीब 11:30 बजे कमरे अंदर गांव का जोगी उरांव और दिनेश महंत घुस कर बेईज्जती करने के नियत से शरीर को छूने लगे। जाग गई, देखकर हल्ला करने पर जोगी उरांव एवं दिनेश महंत मुंह को दबा दबाने का प्रयास किए इतने में पति और बच्चे जाग गये दोनों भागने लगे, हल्ला सुनकर आसपास परिवार के लोग भी जाग गये थे। पीड़िता के रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना लैलूंगा में धारा 354, 354-क,457,34 + 323 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर थाना प्रभारी लैलूंगा निरीक्षक नारायण सिंह मरकाम, उप निरीक्षक बलदेव साय पैंकरा, सहायक उप निरीक्षक चंदन यादव हमराह स्टाफ के साथ आरोपियों के ठिकानों पर दबिश देकर दोनों आरोपी जोगी उरांव (35 वर्ष), दिनेश महंत (27 वर्ष) को गिरफ्तार कर थाना लाया गया जिन्हें आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।



## रायगढ़ पुलिस अधीक्षक रहते हुए आईपीएस संतोष सिंह द्वारा किए गए कार्य को मिला सम्मान

**कोरबा (आरएनएस)।** माह अगस्त 2020 में रायगढ़ जिले के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक आईपीएस संतोष सिंह जो वर्तमान में कोरबा जिले के पुलिस अधीक्षक हैं के द्वारा चलाए गए 'संवेदना अभियान' को 'इंडिया पुलिस अवार्ड 2022' से सम्मानित किया गया है ।

माह अगस्त 2020 में रायगढ़ और आस-पास में हुई भारी वर्षा से महानदी के तटीय क्षेत्र सैलाब की जद्द में आए थे। थाना पुसौर, सरिया, सारंगढ़ व कोसीर क्षेत्र के दर्जनों गांव इससे बुरी तरह प्रभावित हुए। पुलिस, जिला प्रशासन, होमगार्ड एवं एसडीआरएफ के बाढ़ बचाव दल द्वारा 'सैकड़ों बाढ़ पीडितों को समय से विनाशकारी बाढ़ के बीच से बचाकर' अस्थायी राहत शिविरों में ठहराया गया। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर प्रशासन के अधिकारियों द्वारा राहत कैम्पों में भोजन, चिकित्सा एवं अन्य आवश्यक सेवाएं की यथोचित व्यवस्था करायी गई। तत्कालीन कलेक्टर भीम सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह स्वयं राहत शिविरों में जाकर व्यवस्थाओं की जानकारी लिए।



बाढ़ को लेकर आईजी बिलासपुर दीपांशु काबरा ने पुलिस को मदद करने का निर्देश दिया। पुलिस से बाढ़ प्रभावितों ने चर्चा में कच्चे मकानों को सुधार कराये जाने में मदद की गुहार किए। उन्हें प्रशासन की ओर से नुकसानी. आंकलन पश्चात उचित मुआवजा मिलने की जानकारी दिया गया तथा रायगढ़ पुलिस द्वारा भी यथासंभव मदद करने का आश्वासन दिया। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसहयोग से बाढ़ पीडितों की मदद के लिये जीवनापयोगी व पुर्नवास के सामानों को एकत्र करने 'संवेदना' कैंपेन चलाया गया। लोगों को राहत देने वाले सर्वत्र प्रशंसित अभियान को मुख्यमंत्री के कार्यालय द्वारा सोशल मीडिया पर भी शेयर किया गया था। अभी 'रायगढ़ पुलिस' के उस उल्लेखनीय संवेदना कैंपेन को नोएडा की प्रतिष्ठित गवर्नेंस नाऊ द्वारा आपदा प्रबंधन कैटेगरी में दूसरी 'इंडिया पुलिस अवार्ड, 2022 से सम्मानित किया गया। संस्था द्वारा रायगढ़ पुलिस का सम्मान तत्कालीन रायगढ़ एसपी संतोष सिंह, जो वर्तमान में कोरबा में पुलिस अधीक्षक हैं, को एक वर्चुअल पुरस्कार समारोह में आमंत्रित कर यह अवार्ड प्रदान कर किया गया। संस्था द्वारा देश भर के सैंकड़ों नामांकन में से चयन बाद कई कैटेगरी में अवार्ड दिए जाते हैं।

अभियान में रायगढ़ के लोगों, संस्थाओं और पुलिसकर्मी पूरी दरियादिली से थाना-चौकी में बाढ़ पीडितों में वितरण के लिये आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध कराते रहे, जिससे राहत सामग्रियों का भंडार लग गया। पुलिस अधीक्षक सहित कई पुलिसकर्मी बाढ़ बचाव व बाद में राहत शिविरों के दौरे के दौरान संभवत: कोविड संक्रमितों के सम्पर्क में आने से उस समय कोविड संक्रमित भी हो गये थे। अपार जन सहयोग से रायगढ़ पुलिस के सभी अधिकारियों, थाना प्रभारियों एवं कर्मचारियों द्वारा जिम्मेदारी पूर्वक निभाने से अपने मुकाम पर पहुंची। पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देशों पर एएसपी अभिषेक वर्मा द्वारा वितरण सामग्री वितरण के लिये सभी राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को लाइनअप किये। थाना प्रभारियों द्वारा प्रभावित ग्रामों का स्वयं सर्वे कर अत्यधिक प्रभावितों को उनकी जरूरत अनुसार आवश्यक वस्तुएं प्रदाय करने सूची तैयार की गई।

थानों में एकत्र राहत सामग्री लेकर वाहन पुसौर, सरिया, सारंगढ़, कोसीर थाना पहुंचे। बाढ़ पीडितों में आवश्यकता अनुसार एलवेस्टरध्टिन शेड, तिरपाल, सीमेंट, बांस, कंबल, धोती, साड़ी, जूता. चप्पल, रेडीमेड कपड़े, बर्तन, गद्दा, चटाई, मच्छरदानी, टॉर्च और राशन सामग्री आदि का वितरण किया गया तथा वाहनों से उनके गांवों तक सामानों को पहुंचाया भी गया। सरिया के 21 गांव के 217 परिवारए पुसौर के 13 गांव के 133 परिवार, कोसीर के 9 गांव के 51 परिवार एवं सारंगढ क्षेत्र के 5 गांव के 50 परिवारों को राहत सामग्री वितरण हुआ। बाढ़ पीडितों द्वारा अनूठे मानवीय अभियान के लिए पुलिसकर्मियों को आभार व्यक्त किया गया और उन क्षेत्रों में लोग आज भी पुलिस की संवेदना को याद करते हैं।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480